बिहार सरकार
सामान्य प्रशासन विभाग

-: : आदेश : :-

आदेश सं0-27/परि0-06-01/2026-सा0प्र0. 5428 **पटना-15, दिनांक** 20.3.26

श्री मुकेश कुमार सिन्हा, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक-282/ 2024, तत्कालीन अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के विरूद्ध श्री हीरालाल साह एवं अन्य के द्वारा परिवाद पत्र इस विभाग को उपलब्ध कराया गया।

परिवार पत्र के साथ शपथ पत्र संलग्न नहीं होने के कारण सामानय प्रशासन विभाग के परिपत्र संख्या-945 दिनांक-24.06.2005 में निहित प्रावधान के आलोक में विभागीय पत्रांक-1323 दिनांक-19.01.2026 द्वारा परिवादी से शपथ पत्र की मांग की गई, जो डाक विभाग द्वारा "अधूरा पता है वापस" अंकित करते हुए इस विभाग को वापस किया गया है।

जिस ई-मेल से परिवाद पत्र उपलब्ध कराया गया उस ई-मेल पर भी विभागीय पत्रांक-1323 दिनांक-19.01.2026 की प्रति परिवादी को भेजा गया।

पुनः विभागीय पत्रांक-3359 दिनांक-17.02.2026 द्वारा परिवादी से शपथ पत्र की मांग की गयी, जो डाक विभाग द्वारा Insufficient Address अंकित कर इस विभाग को वापस किया गया।

परिवाद पत्र में परिवादी द्वारा श्री सिन्हा के विरूद्ध राजस्व एवं भूमि से संबंधित मामलों में वाद निष्पादन के नाम पर निजी दलालों के माध्यम से रिश्वत लेने संबंधी शिकायत अंकित की गयी।

वर्णित तथ्यों के आलोक में प्राप्त परिवाद पत्र की समीक्षा सक्षम प्राधिकार द्वारा किया गया। समीक्षोपरांत विभागीय परिपत्र संख्या-945 दिनांक-24.06.2005 में निहित प्रावधान के आलोक में शपथ पत्र अप्राप्त रहने की स्थिति में इस परिवाद प्रकरण को संचिकास्त करने का निर्णय सक्षम प्राधिकार द्वारा लिया गया।

सक्षम प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री मुकेश कुमार सिन्हा, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक-282/ 2024, तत्कालीन अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के विरूद्ध प्रतिवेदित इस परिवाद प्रकरण को **संचिकास्त** किया जाता है।

20.03.26

(शालिग्राम पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव।

स्पीड पोस्ट

ज्ञापांक-27/परि0-06-01/2026-सा0प्र0. 5428 **पटना-15, दिनांक** 20.3.26

प्रतिलिपि :- जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/श्री मुकेश कुमार सिन्हा, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक-282/2024, तत्कालीन अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/श्री हीरालाल साह, कल्याणपुर, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी, ईमेल-goluraj164@gmail.com/अवर सचिव, प्रभारी प्रशाखा-12, 14 एवं चारित्री कोषांग, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना एवं आई0टी0 मैनेजर (वेब साईट पर अपलोड हेतु), सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

20.03.26

सरकार के अवर सचिव।